# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बालोद (छ0ग0)

पत्र क्रं./ एनएचएम/संविदा भर्ती/2021/1307 बालोद दिनांक 03/03/2021

**दिनांक 03/03/2021 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विज्ञापित संविदा भर्ती के भिन्न – भिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किये जाने के संबंध में।**

----0000----

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के विज्ञप्ती कमांक/एन.एच.एम/संविदा भर्ती विज्ञापन/2021/1306 बालोद दिनांक 03/03/2021 के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन निर्धारित प्रपत्र में आवेदन बंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पुराना जिला अस्पताल परिसर में आमंत्रित किया गया है। तत्संबंध में समस्त पदों, Community Nurse, Medical officer (RBSK Male), Pharmacist (RBSK), Psychiatric Nurse, Programme Associate- PHN, OT Technician, Physiotherepist/Occupational Therepist, RMNCH Counsellor, Dental Assistant, Psycologist – Clinical, Audiologist, Social Worker, Audiometric Assistant, Instructor For Hearing impaired children, DEO (NCD), DEO (NTEP), District Prog. Coordinator (RNTCP), Lab Technician (RBSK), Jr. Secretarial Asistant (NHM), Laboratory Technicians (NHM), VBD Technical Supervisor, Staff Nurse (NRC), Staff Nurse (24X7 PHC), ANM (HWC), Aaya Bai, Blood Bank Counsellor & Blodd Bank Technician पर दिनांक 03/03/2021 से 17/03/2021 तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। तदसंबंध में उक्त सूची का प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल एवं जिले के वेब पोर्टल पर उपलब्ध है।

**(विस्तृत पदो से संबंधित जानकारी, बालोद जिले के वेब पोर्टल www.balod.gov.in में देख व डाउनलोड किया जा सकता है।)**

3/3/21

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला बालोद (छ.ग.)**

# कार्यालय
# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-बालोद (छ.ग.)

Email-cmobalod@gmail.com

क./एन.एच.एम./संविदा भर्ती विज्ञापन/2021/1306 बालोद, दिनांक 2/03/2021

## = विज्ञप्ति =

मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ.ग. नवा रायपुर के पत्र कमांक/एनएचएम/2018/467/1325 नवा रायपुर दिनांक 28/07/2018 के अनुसार जारी मानव संसाधन नीति 2018 के परिपालन में एवं पत्र क्रमांक/एनएचएम/**DPIP**/........./2019/(**NS-1703**)/505 रायपुर दिनांक 29/05/2019, पत्र क्रं/एन.एच. एम/2020–21/**NS-1817/217** दिनांक 29/06/2020 एवं संचालक स्वास्थ्य सेवाये, सह परियोजना संचालक, कार्यालय परियोजना संचालक, छ0ग0 राज्य एड्स नियंत्रण समिति, राज्य स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र कालीबाडी, रायपुर के पत्र क्र. /एड्स/आई.सी.टी.सी/2020–21/1011 रायपुर दिनांक 02/02/2021 के परिपालन में स्वीकृत एवं रिक्त पदों हेतु बालोद जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं ICTC कार्यक्रम अंतर्गत रिक्त संविदा पदों की पूर्ती हेतु वांछित योग्यताधारी उम्मीदवारों से आवेदन पत्र दिनांक 03/03/2021 से 17/03/2021, शाम 05.30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बालोद में (कार्यालयीन दिवसो में) आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् तथा साधारण डाक/कोरियर व अन्य माध्यम से प्राप्त हुए आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

### भाग–अ
### तालिका "अ"

| क्र. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | एकमुश्त वेतनमान (रूपये में) | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | | | | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | | | अ.जा. | | अजजा | | | अपिव | | | |
| | | | | मु. | म. | PH | मु. | म. | मु. | म. | PH | मु. | म. | PH | |
| 1 | Community Nurse | 01 | 16500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | बी.एस.सी. नर्सिंग के साथ नर्सिंग काउंसिल में रजिस्टर्ड एवं मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में 02 वर्ष का अनुभव। |
| 2 | Medical officer (RBSK male) | 02 | 25000 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration From any GOI recorgnized (BAMS/BHMS/ BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration board. |
| 3 | Pharmacist (RBSK) | 01 | 16500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Degree or Diploma in Pharmacy (50%) & Registration in pharmacy registration council. |
| 4 | Psychiatric Nurse | 01 | 31500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | एम.एस.सी. साइकेट्रिक नर्सिंग अथवा बी.एस.सी. नर्सिंग के साथ डिप्लोमा इन साईकेट्रिक नर्सिंग (नर्सिंग काउंसिल में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है) के साथ 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लिनिक में कार्य करने का अनुभव। वांछित डिप्लोमा इन कम्प्युनिटी मेंटल हेल्थ (साईकेट्रिक नर्सिंग) को प्राथमिकता दी जावेगी। |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Programme Associate-PHN | 01 | 30000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | M.Sc. Nursing (Regular)+1 Year Experience (Previllage to community Health candidate)+ live Registration of CG Nurses Registration Council.<br>or<br>B.Sc. Nursing (Regular)+3 Year Experience Live Registration of CG Nurses Registration Council. |
| 6 | OT Technician | 02 | 14000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. 12th Passed with Biology, Chemistry & Physics.<br>2. Paramedical Course in OT Technician & Live Registration From C.G. Paramedical Council. |
| 7 | Physiotherepist/Occupational Therepist | 01 | 18000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Bachelor's Degree in Physicotherapy (BPT) |
| 8 | RMNCH Counsellor | 02 | 12000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | PG Degree/Diploma in phychology/counselling/Health Education/Mass Communication/Social Science. |
| 9 | Dental Assistant | 03 | 12000 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. Matriculation(12th pass) From Recognized Board. Preference Can be given to candidate done 01 year course of lab tecnnician (Dental work related) /hygienist are dental technician from medical collage.<br>2. Only private and Gov.dental collage/ Gov. health facility experience should be considered.<br>3. Desirable- Two Year Experience in a gov. dental college/clinic |
| 10 | Psycologist – Clinical | 01 | 31500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | 0 | 1. एम.फिल. क्लिनिकल साईकोलॉजी, यदि योग्यता न होने की दशा में एम.एस.सी. साईकोलॉजी / एम.एस.सी. रिहेबिटेशन साईकोलॉजी / एम. ए. साईकोलॉजी, रिहाईबिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया से रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है एवं 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लिनिक में कार्य करने का अनुभव<br>2. अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन कम्युनिटी मेंटल हेल्थ (क्लिनिकल साईकोलॉजी) को प्राथमिकता दी जावेगी। |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Audiologist | 01 | 25000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Bechelor of Audiology & Speech Language Pathology (BASLP)/B.Sc. (Speech and Hearing) from RCI recognized institute. |
| 12 | Social Worker | 01 | 22000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. एम.फिल. साईकेट्रिक सोशल वर्क, यदि योग्यता न होने की दशा में मास्टर ऑफ सोशल वर्क (Specialization in Medical & Psychiatry) के साथ 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लिनिक में कार्य करने का अनुभव।<br>2. अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन कम्प्युनिटी मेंटल हेल्थ (साईकेट्रिक सोशल वर्क) को प्राथमिकता दी जावेगी। |
| 13 | Audiometric Assistant | 01 | 15000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Diploma in Hearing Language and Speech (DHLS). (Recognized by RCI) |
| 14 | Instructor For Hearing imapired children. | 01 | 15000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Diploma in Training young deaf and hearing handicapped (DTYDHH) from RCI recognized institute. |
| 15 | DEO (NCD) | 01 | 13650 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Graduate with at least 1 year Diploma in Computer Applications |
| 16 | DEO (NTEP) | 01 | 13650 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **Essential qualification :--**<br>1.10+2 with Diploma n computer application or equivalent recognized by the council for technical education/DOEACC.<br>2. Typing speed of 40 w.p.m. in English and local language.<br>3. should be well conversabt with various computer programming including MS word,excel and simple statistical packeges.<br>**Desireable:--**<br>1.At least one year experience in related field. |
| 17 | District Prog. Coordinator (RNTCP) | 01 | 22300 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. MBA/PG Diploma in management/health administration from recognized institute/university<br>2. At list 1 year of work experience. |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Lab Technician (RBSK) | 04 | 10000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. Higher Secondary (10+2) in Biology with BMLT.<br>2. (A) Higher Secondary (10+2) in Biology with DMLT.<br>(B) Higher Secondary (10+2) in Biology with Paramedical Technician One year Certificate Course.(CMLT)<br>[Registration in Paramedical Councile of India OR Chhattisgarh Paramedical Council.]<br>(First Preference will Be given to BMLT) |
| 19 | Jr. Secretarial Asistant (NHM) | 03 | 12000 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12th Passed with at least 1 year Diploma in Computer Applications |
| 20 | Laboratory Technicians (NHM) | 02 | 14000 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3. Higher Secondary (10+2) in Biology with BMLT.<br>4. (A) Higher Secondary (10+2) in Biology with DMLT.<br>(B) Higher Secondary (10+2) in Biology with Paramedical Technician One year Certificate Course.(CMLT)<br>[Registration in Paramedical Councile of India OR Chhattisgarh Paramedical Council.]<br>(First Preference will Be given to BMLT) |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | VBD Technical Supervisor | 01 | 21000 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Graduate From the Biology Stream.<br>Or<br>Graduate with Science Subject in Class XI and XII Will be Considered in case of candidate with the desired qualification is not available. |
| 22 | Staff Nurse (NRC) | 03 | 16000 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | B.Sc. Nursing Or GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. |
| 23 | Staff Nurse (24x7 PHC) | 31 | 16500 | 11 | 4 | 0 | 2 | 0 | 6 | 3 | 1 | 2 | 1 | 1 | B.Sc. Nursing Or GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. |
| 24 | ANM (HWC) | 29 | 12000 | 0 | 13 | 1 | 0 | 2 | 0 | 9 | 0 | 0 | 4 | 0 | 12th Passed, A.N.M. Passed & INC Affilited Training Center & Live Registration in CG Nursing Registration Council. |
| 25 | Aaya Bai | 01 | 8800 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8th Pass |
| 26 | Blood bank Counselor | 01 | 13000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Essential Qualification- Post Graduation in Social work/Sociology/Phychology/Anthropology/Human Development.<br>Desirable- Knowledge Of Computers. Prificiency in MS office.<br>Experience- Minimum two year after essential Qualification. |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | Blood Bank Lab Technician | 01 | 13000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Essential Qualification – • Degree in Medical Laboratory Technology(M.L.T.) • Diploma in Medical laboratory Technology (M.L.T.) • Should Have Completed 10+2 beforeobtaining diploma or degree. • The Degree or diploma should be from a university/institutionreco gnized by the central government or state goverenmnt. • The Candidate Should be registered with concerned para-medical council if application. • Knowledge of computer Desirable- • Post Graduation degree. • Prificiency in MS Office Experience- • Minimum two year after degree and three yaer after diploma. • Degree holder must have minimum six months experience in blood banking |
| | Total | 98 | | 35 | 17 | 2 | 6 | 3 | 13 | 12 | 1 | 3 | 5 | 1 | |

नोट :–

1. **उक्त समस्त पद संविदा है।**
2. उक्त पदों पर नियमानुसार शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आरक्षण क्षैतिज व प्रवर्गवार महिलाओं/निशक्तजन के लिये आरक्षण लागू होगा। छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी विशेष आरक्षण नियम एवं शर्तें लागू होंगे।
3. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से तथा प्रमाण पत्र, विज्ञापन आवेदन के अंतिम दिवस/पूर्व को धारित होना अनिवार्य है।
4. विज्ञापित पदों में बैकलॉग पद शामिल है।

## भाग – ब

**आवेदन संबंधी दिशा निर्देश :–**

1. आवेदक आवेदन का प्रारूप जिले की वेबसाइट www.balod.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।
2. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण भरे आवेदन पत्रों को निरस्त करते हुए चयन प्रक्रिया में शामिल नही किया जावेगा।
3. अभ्यर्थी द्वारा अलग–अलग पदों पर आवेदन करने की स्थिति में पदवार पृथक आवेदन व डी.डी. संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।
4. **प्रत्येक पद के आवेदन पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा "जिला स्वास्थ्य समिति बालोद" या "District Health Society Balod" के नाम से डीडी (डिमांड ड्राफ्ट) बनाकर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो वापसी योग्य नहीं होगा।**
5. **डिमांड ड्राफ्ट के पीछे अभ्यर्थी पेंसिल से अपना पूरा नाम, आवेदित पदनाम अनिवार्य रूप से लिखे।**
6. बिना आवेदन शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से) एवं गलत नाम के डी.डी. वाले आवेदन को अपूर्ण माना जावेगा एवं भर्ती प्रक्रिया में शामिल नही किया जावेगा।

7. आवेदन शुल्क का विवरण निम्नानुसार है:–

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह 25000 एवं 25000 से कम मानेदय के पदो के लिये | मानदेय प्रतिमाह 25000 एवं 25000 से अधिक मानेदय के पदो के लिये |
|---|---|---|
| विकलांग/अ.जा/अ.ज.जा | 100 रू | 200 रू |
| अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला | 200 रू | 300 रू |
| अनारक्षित संवर्ग | 300 रू | 400 रू |

8. जिला स्तर पर की जानी वाली भर्ती में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत पद जिनका वेतन रूपये 16500/– प्रतिमाह या रूपये 16500/– प्रतिमाह से कम हो उन पदों पर संबंधित जिले के पात्र मूल निवासियों को प्राथमिकता दी जावेगी। संबंधित जिले में पात्र मूल निवासी नही मिलने की स्थिति में ही राज्य के अन्य जिलों के पात्र अभ्यर्थियों को मेरिट कमानुसार प्राथमिकता दी जावेगी।
9. निर्धारित समय सीमा में प्राप्त पात्र आवेदनों में से रिक्तयों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन/परीक्षा/साक्षात्कार (मौखिक/लिखित)/कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट हेतु बुलाया जावेगा।

**तालिका**

| कमांक | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्कीनिंग/साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |

10. ऐसे समस्त पद जिसमें लिखित/कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट लिया जावेगा, परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। परीक्षा में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किये जाने की स्थिति में अभ्यर्थी नियुक्ति हेतु अपात्र रहेंगे।
11. परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट के समय आवेदन के साथ संलग्न किये गये समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जावेगी।
12. जिन विज्ञापित पदों में नर्सिंग/पैरामेडिकल कॉन्सिल में जीवित पंजीयन मांगा गया है उन पदों हेतु जीवित पंजीयन अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों द्वारा जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में अपात्र किये जावेंगे।
13. **आयु सीमा** – सभी पदो के लिए आयु 01/01/2021 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु से अधिक नहीं होनी चाहिये। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2021 की स्थिति में की जावेगी। (संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण एवं अन्य शर्ते छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी सभी निर्देशो एवं नियम व शर्ते लागू होगे)।
14. **आवश्यक दस्तावेज :– आवेदक आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें :–**
    1. जन्म संबंधी प्रमाण पत्र, (जन्म तिथि के प्रमाण हेतु)।
    2. निर्धारित न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता अनुसार सभी वर्षो की अंकसूची/संबंधित डिग्री/इंटर्नशीप/पंजीयन प्रमाण पत्र।
    3. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु)
    4. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय छत्तीसगढ़ मूल निवास प्रमाण पत्र।
    5. छ.ग. कॉन्सिल पंजीयन का जीवित प्रमाण पत्र जिन विशेष पदों हेतु लागू है संलग्न करना आवश्यक है।
    6. यदि दिव्यांग है तो (दिव्यांगता प्रमाण पत्र)
    7. अनुभव प्रमाण पत्र –
        A. जिन पदो में अनुभव मांगा गया है, अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय संस्थान एवं सार्वजनिक संस्थानों तथा शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों (यथा SHRC) या उपकम का ही मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक

नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा तथा शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरांत प्राप्त अनुभव के आधार पर अनुभव के अंक मान्य की जायेगी। अनुभव में अंकों की गणना एवं एक संस्था में एक पद पर 12 माह पूर्ण होने पर ही एक वर्ष का अंक दिया जावेगा। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंकों की गणना नहीं की जावेगी।

B. अनुभव विज्ञापित पद से संबंधित होने पर ही मान्य किया जावेगा, जिसके संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में सर्वाधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित होगा।

C. अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियोक्ता का नियुक्ति आदेश संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके बिना अनुभव के अंको की गणना नही की जावेगी।

D. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के पत्र कमांक/एन.एच.एम/2018/591/922 रायपुर दिनांक 30.06.2018 के परिपालन में नर्सिंग अथवा ए.एन.एम प्रशिक्षित मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक के रूप में (प्रतिवर्ष 04 अंक) अनुभव हेतु अंक दिया जावेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के संविदा ए.एन.एम. पदो के लिए उपरोक्त प्रावधान 31 दिसम्बर 2017 तक ए.एन.एम. पाठयक्रम में उत्तीर्ण हो चुकी मितानिनों के लिए ही लागू होगा। राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

E. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विज्ञापित ऐसे समस्त पद जिसमें अनुभव चाहा गया है अनुभव शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्य करने का प्रतिवर्ष 02 अंको के मान से अधिकतम 10 अंक देय होगा। एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यर्थियों को पद से संबधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक अधिकतम 15 अंक दिया जावेगा।

उक्त अभिलेखों का एक स्वप्रमाणित सेट अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा तथा सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

**15. अंतिम चयन सूची :–**

**पद कमांक 01 से 21 तक के लिए अंको का निर्धारण :–**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 65 प्रतिशत अंक।
- कौशल/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार 20 अंक।
- अनुभव का अंक 10/15

  राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले आवेदक को अधिकतम 15 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष) तथा अन्य आवेदकों को अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक, अधिकतम 05 वर्ष) दिया जावेगा।
- कम्प्युटर से संबंधित कार्य के लिए कम्प्युटर में कौशल परीक्षा ली जावेगी।

  (अ) कम्प्युटर/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा हेतु = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक)

  (ब) अंतिम चयन सूची = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक+साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा के अंक)

**पद कमांक 22 से 24 तक के लिए अंको का निर्धारण :–**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 60 प्रतिशत अंक।
- कौशल/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार 20 अंक।
- अनुभव का अंक 10/15/20
  1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले आवेदक को अधिकतम 15 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष),
  2. ए.एन.एम./स्टाफ नर्स पद हेतु प्रशिक्षित मितानिन आवेदकों को अधिकतम 20 अंक, (प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक, अधिकतम 05 वर्ष)
  3. अन्य आवेदकों को अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक, अधिकतम 05 वर्ष) दिया जावेगा।

  (अ) साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा हेतु = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक)

  (ब) अंतिम चयन सूची = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक+साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित

परीक्षा के अंक)

**पद कमांक 25 के लिए अंको का निर्धारण :–**

- ➢ मेरिट के आधार पर चयन किया जावेगा।

**पद कमांक 26 से 27 तक के लिए अंको का निर्धारण :–**

- ➢ शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 80 प्रतिशत अंक।
- ➢ किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था या विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में डिग्री या डिप्लोमा – 5% Weightage.
- ➢ स्वास्थ्य विभाग में समान कार्य अनुभव को 03 अंक प्रतिवर्ष के हिसाब से अधिकतम 15 अंक दिया जावेगा।
- ➢ मान्यता प्राप्त निजि संस्था से प्राप्त कार्यअनुभव को मान्य करते हुए अभ्यार्थियो को पात्र सूची में सम्मिलित किया जावेगा, किन्तु उन्हे अनुभव का अंक प्रदान नही किया जावेगा।

## भाग – स

## भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें एवं दिशा निर्देश

16. सभी पद पूर्णतः संविदा आधारित है जिनकी भर्ती राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 अनुरूप की जावेगी।
17. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जाँच की जावेगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
18. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नही होगा।
19. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2021 तक के लिये होगी, कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि में वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।
20. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देनी होगी अन्यथा एक माह का वेतन जमा करना होगा।
21. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थीयों की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जावेगी। जिन अभ्यर्थीयों की जन्म तिथि पहले होगी (उम्र में बड़े होगे) प्राथमिकता प्रदान की जावेगी।
22. विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
23. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
24. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
25. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
26. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।
27. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगा।
28. उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रकिया संपन्न होने, जो भी पहले हो तक रहेगी।
29. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
30. आवेदकों को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

31. अभ्यार्थियों को आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकाएँ।
32. अभ्यर्थी को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय देय नही होगा।
33. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
34. चयन उपरान्त सभी चयनित उम्मीदवारों को बॉण्ड भरना होगा कि वे अन्य जगहो पर आवेदन करने के लिए संबंधित अधिकारी से अनापति प्रमाण पत्र (NOC) लेंगे।
35. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा आधार पर कलेक्टर अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति का होगा। जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
36. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा से समाप्त की गई है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हे अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।
37. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है। जिसका अधिकार चयन समिति/नियोक्ता का होगा।
38. आरक्षण – जिले में प्रचलित रोस्टर पद्धति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागू किया जावेगा।
39. दावा आपत्ति में अभ्यर्थियो द्वारा अलग से प्रस्तुत कोई भी अभिलेख/दस्तावेज मान्य नही किया जावेगा। पूर्व में आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों के संबंध प्रस्तुत दावा ही मान्य किये जावेंगे।
40. प्रकाशित प्रारंभिक पात्र–अपात्र सूची का अवलोकन अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करे, अन्यथा दावा आपत्ति उपरांत किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।
41. पद क्र. 22 से 23 तक (स्टॉफ नर्स), हेतु भिन्न भिन्न कार्यक्रम अनुरूप विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें अभ्यर्थी द्वारा पूरा पदनाम लिखा जावे अन्यथा आवेदन में केवल स्टॉफ नर्स लिखा हाने पर अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा।
42. पद क्र. 25 (आया बाई) हेतु यदि प्राप्तांक ग्रेड में दर्शित हो तो ग्रेडिंग पद्धति संबंधी अंकसूची के साथ कुल पूर्णांक व प्राप्तांक एवं प्रतिशत से संबंधित सत्यापित (संस्था अधिकारी) दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न करें।
43. आवेदित रिक्त पदनाम का स्पस्ट उल्लेख न होने पर, आवेदन निरस्त/अपात्र किया जावेंगा।
44. जिन विज्ञापित रिक्त पद में शैक्षणिक योग्यता "एक से अधिक" या "अथवा" के रूप में चाही गई हो उन पदों में अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक शैक्षणिक योग्यता संलग्न किये जाने पर केवल उच्च शैक्षणिक योग्यता को मान्य किया जावेगा।
45. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं चयन प्रक्रिया एवं परिणाम कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बालोद के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट www.balod.gov.in पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार से जानकारी नहीं दी जावेगी।

03/3/21

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला–बालोद (छ.ग.)**

# आवेदन पत्र

| स्व प्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें |
|---|

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला–बालोद, (छ.ग.)

01. आवेदित पद का नाम :–..........................................
02. आवेदक का पुरा नाम (हिन्दी में) :–..........................................
(अग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :–..........................................
03. पिता / पति का नाम :–..........................................
04. जन्मतिथि (अंको में) :–..........................................
शब्दों में :–..........................................
05. दिनांक 01 / 01 / 2021 की स्थति में आयु वर्ष .................. माह..................दिन..................
06. रोजगार कार्यलाय का नाम :–..........................................
पंजीयन क्रमांक व दिनांक :–..........................................
07. वर्तमान पता . :–..........................................
:–..........................................
:–..........................................
मोबाइल नंबर :–..........................................
ई–मेल आईडी :–..........................................
08. स्थाई पता :–..........................................
:–..........................................
09. जाति–अना. / अजा / अजजा / अपिव :–..........................................
10. बैंक डिमांड ड्राफ्ट जारी करने वाले बैंक का नाम :–..........................................
10.1 बैंक डिमांड ड्राफ्ट कमांक .................... दिनांक .................... राशि ....................
11. लिंग (महिला / पुरूष) :–..........................................
12. क्या शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत है :–..........................................
13. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड / वि.वि.नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

14. तकनीकी योग्यता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड / वि.वि.नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

15. कार्यानुभव (यदि हो तो उल्लेख करें) :–

| क्र. | कार्यालय का नाम | पदनाम | कार्यावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

संलग्न दस्तावेज की सूची:–

1. ..........................................................................
2. ..........................................................................
3. ..........................................................................
4. ..........................................................................
5. ..........................................................................
6. ..........................................................................
7. ..........................................................................
8. ..........................................................................
9. ..........................................................................
10. ..........................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

''मैं प्रमाणित करता / करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं पूर्ण है तथा आवेदित पद के लिए मैं निर्धारित योग्यता रखता / रखती हूं। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई जानकारी या सूचना गलत, असत्य, अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद हेतु मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है एवं मेरे विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है, जो मुझे मान्य होगी।''

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान... ..................

नाम ————————

दिनांक...................

पता ————————